# केंद्र सरकार ने 9.6 करोड महिलाओं को दिए एलपीजी कनेक्शनः बिंदल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ग के उद्धार के लिए हमारी केंद्र सरकार ने उत्तम कार्य किया है**



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत नहान विधानसभा की पांवटा साहिब ब्लॉक में पढने वाली 12 पंचायत के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया डॉ राजीव बिंदल ने 12 पंचायतों के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक भी की और घर.घर संपर्क भी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण की दृष्टि से निरंतर काम किया है। महिलाओं के नेतृत्व में विकास लाने का कार्य किया है, महिलाओं के जीवन में सुधार और गरिमा बडने के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 11.72 करोड़ शौचालय केंद्र सरकार ने बनाए हैं। पीएमएवाईजी के तहत 2.5 करोड से अधिक घरों में से 70 प्रतिशत की अकेले या संयुक्त रूप से महिलाएं मालिक बनी है। तीन तलाक को गैरकानूनी अगर किसी सरकार ने करार दिया तो वह केंद्र में मोदी सरकार है।अगर जीवन सुगमता की बात करें तो 9.6 करोड से अधिक महिलाओं को उज्जवला एलपीजी कनेक्शन से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया। जल जीवन मिशन के तहत देश भर में 8.67 करोड़ से अधिक घरों में नल लगाने का काम किया, नल से जल योजना इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। उद्यमिता की दृष्टि से जनधन खातों के द्वारा 26.54 करोड़ से अधिक महिलाएं बैंकों से जुड़ी, स्टैंड अप इंडिया के तहत 81 प्रतिशत उद्यमी महिलाएं हैं, मुद्रा योजना के तहत 69 प्रतिशत से अधिक खाते धारक महिला उद्यमी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ग के उद्धार के लिए हमारी केंद्र सरकार ने उत्तम कार्य किया है।

# राज्यपाल ने योग को दैनिक जीवनचर्या में अपनाने पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन शिमला में आयुष विभाग और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि व्यक्ति के समग्र विकास में योग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राज्यपाल ने दैनिक जीवन में योग और प्राणायाम की परिवर्तनकारी बदलावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध योग की विरासत को प्रदर्शित करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के



फलस्वरूप इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना और पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम का अभ्यास हमें तनाव मुक्त जीवन जीने और स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करके हम उत्तम स्वास्थ्य और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अर्पिता नेगी और आयुष विभाग की डॉ. मीना गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में राजभवन के अधिकारियों,कर्मचारियों और योग विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ यौगिक क्रियाएं कीं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विश्व भर के लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

# शिक्षा मंत्री ने किया धापली कैंची से सैंज खड्ड का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**शिक्षा मंत्री** रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरथाटा के ददोट में संपर्क मार्ग धापली कैंची से सैंज खड्ड का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य रिकॉर्ड समय में पूर्ण किया गया है। इस संपर्क मार्ग की लंबाई 1.24 किलोमीटर है और इसके निर्माण पर लगभग 40 लाख रुपए की लागत आई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सडक में डंगे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सडकों की बदौलत क्षेत्र का विकास संभव हुआ है। जुब्बल कोटखाई उपचुनाव के उपरांत क्षेत्र की लगभग 41 सडके



पास की गई है जिससे क्षेत्र में विकास को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र की सडकों के सुधारीकरण पर और अधिक बल दिया जायेगा।

**बागवानी के सुदृढ़ीकरण के लिए उठाए जाएंगे उचित कदम, जोड़ा जायेगा पर्यटन के साथः**

रोहित ठाकुर ने कहा कि बागवानी का हमारी आर्थिकी में बहुत बड़ा योगदान है जिसमे अकेला जुब्बल कोटखाई का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा रहता है इसलिए बागवानी के सुदृढ़ीकरण के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इसी दृष्टि से बागवानी को पर्यटन के साथ जोड़ा जाएगा ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है साथ ही रोजगारोन्मुखी शिक्षा युवाओं को प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के उपरांत शिक्षा मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान गोपाल सिंह ठाकुर ने शिक्षा मंत्री का स्वागत किया तथा क्षेत्र की समस्याओं को शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा।

कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, उपमंडल दण्डाधिकारी राजीव सांख्यान, साथ लगती पंचायतों के जनप्रतिनिधि, विभागीय उच्च अधिकारीगण एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन को बड़ी उपलब्धि

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला** सिरमौर के नाहन स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को बड़ी सफलता मिली है। कॉलेज को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने माइक्रोबायोलॉजी में एमडी की 3 सीटों के लिए अनुमति प्रदान कर दी है। इस सिलसिले में नेशनल मेडिकल कमिशन की ओर से बकायदा मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को एक अनुमति पत्र प्राप्त हो गया है। जिसमें स्पष्ट तौर पर माइक्रोबायोलॉजी में एमडी के लिए 3 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है।अब शैक्षिक सत्र 2023-24 में मेडिकल कॉलेज नाहन में माइक्रोबायोलॉजी में 3 डॉक्टर एमडी की पढ़ाई कर पाएंगे। इसके लिए तमाम औपचारिकताओं को पूरा कर लिया गया है तथा मेडिकल कॉलेज नाहन को नेशनल मेडिकल कमिशन में गठित मेडिकल एसेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड से अनुमति भी प्रदान हो गई है। अब मेडिकल कॉलेज में करीब 600 प्रशिक्षु चिकित्सक एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। अब मेडिकल कॉलेज नाहन को एक उपलब्धि हाथ लगी है जिसमें अब मेडिकल कॉलेज नाहन में माइक्रोबायोलॉजी में एमडी के लिए 3 सीटों की स्वीकृति राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा प्रदान की गई है।

उधर राष्ट्रीय मेडिकल कमीशन से एमडी माइक्रोबायोलॉजी की 3 सीटों की स्वीकृति की पुष्टि करते हुए डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के प्रिंसिपल डॉ. श्याम कौशिक ने कहा कि नाहन मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए माइक्रोबायोलॉजी में एमडी के लिए 3 सीटें भरी जाएगी।उन्होंने कहा कि इसकी तमाम औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है।

## एचपीएमसी सीए स्टोर्स में भंडारण दरें तय

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**हिमाचल प्रदेश** बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि आगामी सेब सीजन-2023 के लिए एचपीएमसी सीए स्टोर में सेब के भंडारण की दरें निर्धारित कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि किसानों और सेब उत्पादकों की सुविधा के लिए सेब को स्वयं के डिब्बे अथवा क्रेट में 1.60 रुपये प्रति किलोग्राम प्रतिमाह रखने की दर निर्धारित की गई हैं। इसके अतिरिक्त जो सेब उत्पादक एचपीएमसी द्वारा प्रदान किए गए डिब्बे एवं क्रेट्स का उपयोग करना चाहते हैं, उनके लिए दर 1.70 रुपये प्रति किलोग्राम प्रतिमाह की दर सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य बेहतर भंडारण सुनिश्चित करते हुए बेहतर विकल्पों के साथ सेब उत्पादकों का समर्थन करना है।सेब व्यापार में बेहतर योगदान के लिए पहचानी जाने वाली निजी कंपनियों और फर्मों को सेब को अपने खुद के डिब्बे या क्रेट्स में रखने की सुविधा 1.90 प्रति किलोग्राम प्रतिमाह की दर पर मिलेगी। इसके अलावाए जो लोग निगम के डिब्बे या क्रेट्स चुनते हैंए उनके लिए यह दर 2.00 रुपये प्रति किलोग्राम प्रतिमाह निर्धारित की गई हैं। उन्होंने कहा कि ये दरें सेब की ताजगी और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली भंडारण सुविधाओं के मूल्य को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि भंडारण प्रक्रिया को और अधिक कारगर बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# किन्नौर जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया गया भांग उखाड़ो अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

**अंतर्राष्ट्रीय** नशा-निवारण दिवस के अवसर पर प्रदेश सहित जिला किन्नौर में 19 से 25 जून, 2023 तक नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिला के लोगों को नशे से दूर रहने तथा नशे से होनी वाली विभिन्न बीमारियों व अन्य दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला किन्नौर भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया जिसके तहत जिला की ग्राम पंचायत मेबर, बारंग व रिब्बा में भांग उखाड़ कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया।



इस अवसर पर मेबर, बारंग व रिब्बा ग्राम पंचायत में पुलिस व होम गार्ड के जवान, महिला मण्डल, युवक मण्डल, स्वयं सहायता समूहों व पंचायत के लोगों द्वारा भांग उखाड़ो अभियान चला कर पंचायत को भांग रहित किया गया। इस अवसर पर महिला मण्डल की महिलाओं द्वारा पंचायतवासियों को नशे से होने वाले दुश्प्रभावों बारे बताया गया तथा सभी से आग्रह किया कि वे अपने परिवार के सदस्यों विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए आगे आएं। इसके अतिरिक्त सब-जेल कल्पा के कैदियों व अन्य को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया।

# योग एवं स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरकः डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है जो व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक तौर पर स्वस्थ बनाए रखता है। डॉ. शांडिल गत दिवस को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि योग स्वास्थ्य एवं ज्ञान प्राप्त करने का श्रेष्ठ साधन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान की व्यस्त जीवन शैली में योग करना आवश्यक है ताकि व्यक्ति की दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव आ सके। उन्होंने कहा कि



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मूल उद्देश्य लोगों में योग के प्रति जागरूकता लाकर सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर योग ने पूरे विश्व में एक अलग पहचान बनाई है। योग शरीर और दिमाग दोनों का संतुलन करने का सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है।

उन्होंने कहा कि योग द्वारा जहां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सकती है वहीं पर मन को शांत करने के साथ-साथ योग कई तरह की बीमारियों से निजात दिला सकता है।इस अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन, राजकीय वरिष्ठ छात्र माध्यमिक पाठशाला, राजकीय वरिष्ठ छात्रा माध्यमिक पाठशाला के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके उपरांत प्रतिभागियों ने शहर में विभिन्न स्थानों पर माँ शूलिनी स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ श्रम दान किया। जोगिन्द्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, शहरी कांग्रेस सोलन के उपाध्यक्ष रजत थापा, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, नगर निगम सोलन के आयुक्त जफर इकबाल, अतिरिक्त उपायुक्त अजय यादव, उपमण्डलाधिकारी सोलन कविता ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. राजन उप्पल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीन शर्मा सहित स्कूल के छात्र इस अवसर पर उपस्थित थे।

# 'आर्थिक संसाधन बढ़ाने की दिशा में दृढ़ प्रयास कर रही सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने पिछली भाजपा सरकार से विरासत में मिले 75 हजार करोड़ रुपये के कर्ज के बावजूद आर्थिक संसाधन बढ़ाने की दिशा में दृढ़ प्रयास किए हैं। सरकार का लक्ष्य पर्यटन और जल विद्युत संसाधनों का समुचित उपयोग कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है।इस संबंध में पिछले छः माह में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री सक्रियता के साथ विभिन्न मंचों से जलविद्युत परियोजनाओं में राज्य के अधिकारों की वकालत करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न अवसरों पर दिल्ली का दौरा कर रॉयल्टी में वृद्धि और विभिन्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्वामित्व वाली बिजली परियोजनाओं में राज्य की हिस्सेदारी की मांग को प्रमुखता से उठाया है। इसके अलावाए ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों से शोंगटोंग जलविद्युत परियोजना के कार्यों में तेजी आई हैए जिसके अब जुलाई 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना के समयबद्ध पूरा होने से लगभग 250 करोड़ रुपये की बचत होगी और 156 करोड़ रुपये का राजस्व ब्याज सृजित होगा।निवेश आकर्षित करने और विभिन्न निवेश परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की पहल पर हाल ही में शिमला में निवेशकों के साथ दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई। यह पहल न केवल राज्य में आय के नए स्त्रोतों का सृजन करेगी बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने हरित निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए पर्यटन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर भी चर्चा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार के एक अन्य सार्थक प्रयास में राज्य सरकार ने वर्ष 2023.24 के लिए राज्य में शराब की दुकानों की नीलामी का निर्णय लियाए जिसके परिणामस्वरूप लगभग 520 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष लागू उत्पाद शुल्क नीति से राज्य के कुल राजस्व में लगभग 3000 करोड़ रुपये के योगदान की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक अन्य महत्वपूर्ण कदम में हिमाचल में जल विद्युत परियोजनाओं पर जल उपकर लगाने का निर्णय लिया है जिससे लगभग 4,000 करोड़ रुपये के राजस्व अर्जन का अनुमान है। इस अधिनियम के तहत 130 से अधिक जल विद्युत परियोजनाएं पहले ही पंजीकृत हो चुकी हैं। इसके अलावा, सरकार सक्रिय रूप से वर्तमान वित्त वर्ष में 500 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य के साथ सौर ऊर्जा के दोहन पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बैंकिंग आधार पर महंगी खरीदी गई बिजली पर निर्भरता को कम करना है। राज्य सरकार ने परिवहन व्यय में कटौती करने और पर्यावरण अनुरूपी व्यवस्था को स्थापित करने की दिशा में चरणबद्ध तरीके से हिमाचल पथ परिवहन निगम की 1500 डीजल बसों को ई-बसों से बदलने की योजना बनाई है। नए आर्थिक संसाधन सृजित करने के साथ सरकार अपने अनावश्यक खर्च कम करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली और चंडीगढ़ में हिमाचल सदन और भवन का किराया सभी के लिए 200 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये कर दिया है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ने 1 जून से हेलीकाप्टर सेवाओं को बंद कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप और बचत सुनिश्चित हुई है।

# एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन में आयोजित हुआ योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन में योग के प्रति जन-जन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से बुधवार को 9वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सूर्योदय के साथ जल ज्योति विहार खेल परिसर में आरपी अहिरवार परियोजना प्रमुख, लव टंडन महाप्रबंधक परिचालन एवं अनुरक्षण राज कुमार ठाकुर डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफ व अन्य एनटीपीसी के अन्य कर्मचारियों और परिवारजनों ने कई प्रकार के



योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग पर योग प्रशिक्षक कुमारी भावना रहेजा ने प्रकाश डालते हुए प्रतिदिन किए जाने वाले योग और क्रियाओं से होने वाले स्वस्थ तन-मन पर प्रकाश डालते हुए योग को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# 46वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र मे धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**इन दिनों** 46वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र में प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है, जिसमें लोकनृत्य, समूह नृत्य, प्रिंसेस सूत्रधार, लोकगीत व फिल्म गीत की प्रतियोगिताएं हो रही है तथा देवसदन में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस त्रिदिवसीय उत्सव में 28 निजी व सरकारी विद्यालयों के 1000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राएं अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे है। इस उत्सव के



द्वितीय दिवस पर देवसदन कुल्लू के सभागार में आयोजित हो रही लघुनाटक प्रतियोगिता में अकादमिक हिल्स पब्लिक स्कूल वर्कशॉप शमशी, अरुणोदय वमापा मौहल, डेल्ही पब्लिक स्कूल मनाली, भारत भारती वमापा ढालपुर कुल्लू, कैंब्रिज इन्टरनेशनल स्कूल मौहल, ट्रिनिटी स्कूल मौहल, कुल्लू साइंस स्कूल ऑफ एजुकेशन बाशिंग तथा साई स्टार वमापा ढालपुर कुल्लू ने भाग लिया।इस अवसर पर समाज सेवी,चेयरमैन एसी सोहन कुल्लू सिटी एवं सुभाष इलेक्ट्रिकल कुल्लू सुभाष शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन द्वारा मुख्यातिथि को कुल्लवी परम्परा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# योग दिवस पर बनूटी में किया योग सत्र

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**योग दिवस** के अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय प्रसारण ब्यूरो शिमला ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से बनूटी में एक विशाल योग शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों, बनूटी, बाईचढ़ी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह सात बजे से शुरू हुए योग सत्र में केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा स्वीकृत योगासनों का क्रमवार अभ्यास किया गया। समूचा योग सत्र प्रख्यात योग शिक्षिका मीनाक्षी गोयल के मार्ग निर्देशन में संचालित हुआ। लगभग 45 मिनट तक चले




योग सत्र में न केवल योगाभ्यास कराया गया बल्कि कुशल योग प्रशिक्षक ने लोगों को विभिन्न योगासनों की बारीकियों एवं लाभ भी समझाये। योगाभ्यास में युवाओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में हिमाचल कोआपरेटिव बैंक के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता बी डी कपिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित योगाभ्यासियों को संबोधित करते हुए योग को अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योगाभ्यास सत्र के बाद योग के ज्ञान पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, इसमें भी सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिये गये। कार्यक्रम का समापन एक विशाल रैली निकालकर किया गया। रैली के मार्ग में कार्यकताओं ने करो योग, रहो निरोग, हर घर आँगन योग जैसे नारे लगाकर स्थानीय लोगों के बीच जनजागरण किया। शिमला ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी रवि मेहता ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान किया। स्थानीय युवा सामाजिक नेत्री कमलेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के आयोजक के रूप में सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश पंत एवं नेहरू युवा केंद्र शिमला की जिला युवा अधिकारी मनीषा शर्मा उपस्थित रहे।

## समस्त क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही रही सामान्य

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/ हामिद**

**जिला पर्यटन** विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि उपमंडल सलूणी को छोडकर जिला के समस्त क्षेत्रों में पर्यटकों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने ये भी बताया कि जिला के सभी महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्रों बनीखेत,डलहौजी, खजियार, चंबा, भरमौर, जोत में पर्यटकों की सामान्य रूप से आवाजाही हो रही है। पर्यटकों को किसी भी प्रकार की विशेष अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

वर्तमान पर्यटन सीजन के मद्देनजर सैलानी बिना किसी रोकटोक के चम्बा के विभिन्न पर्यटक स्थलों में आ सकते है।

# पंजाबी, पहाड़ी समेत बॉलीवुड कलाकार तीन दिन तक मचाएंगे धमाल

## 12-12 लाख के बजट में आएंगे जस्सी गिल और बॉलीवुड गायक नीरज श्रीधर

**कलाकार फाइनल कर दिए हैं। इस बार पंजाबी, पहाड़ी समेत बॉलीवुड कलाकर मेले में धमाल मचाएंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/मनीष**
**राज्यस्तरीय** मां शूलिनी मेले की सांस्कृतिक संध्या समेत अन्य कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन जे रूपरेखा तैयार कर ली है। जिला प्रशासन ने कलाकार फाइनल कर दिए हैं। इस बार पंजाबी, पहाड़ी समेत बॉलीवुड कलाकर मेले में धमाल मचाएंगे। बुधवार को सोलन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा राज्यस्तरीय मां शूलिनी मेला 23 जून को शुरू होगा। सुबह 11 बजे माता की पूजा होगी। इसके बाद माता अपनी बहन से मिलने के लिए निकलेंगी। पहले दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि होंगे। शूलिनी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी कलाकार जस्सी गिल धमाल मचाएंगे। दूसरे दिन कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं रात को नाटी किंग कुलदीप शर्मा पहाड़ी गानों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। दूसरे दिन स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल मुख्यातिथि होंगे। मेले की अंतिम दिन स्टार नाइट आयोजित की जाएगी। स्टार नाइट में बॉलीवुड गायक नीरज श्रीधर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्यातिथि रहेंगे। तीनो दिन के स्टार कलाकरों के लिए कुल 25 लाख का बजट रखा गया है जिसमे पंजाबी सिंगर जस्सी गिल को करीब 12 लाखएबॉलीवुड गायक नीरज श्रीधर को 12 लाख और नाटी किंग को सोलन के व्यक्ति द्वारा स्पोंसर्ड किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने इस दौरान मेले का टीजर भी लॉन्च किया और लोगों से अपील भी की है कि राज्यस्तरीय शुलिनी मेला पुरातन संस्कृति को संजोए है।

# पीएम मोदी के प्रयासों से योगा को विश्व स्तर पर मिली नई पहचानः जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य पर मंडी के सेरी मंच पर योगाभ्यास किया गया। इस जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन तथा आयुष विभाग के सौजन्य से किया गया। योग प्रशिक्षक चीफ फार्मेसी अधिकारी अशोक तथा डा. मीना ठाकुर ने योग के विभिन्न आसनों के बारे में विस्तार से प्रतिभागियों को जानकारी दी तथा आसनों का अभ्यास भी करवाया गया। इसके अतिरिक्त उपमंडल स्तर पर भी आयुष विभाग की ओर से योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी सेरी मंच पर योग करने पहुंचे।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को विश्व स्तर पर नई पहचान मिली है। आज सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत की स्वस्थ रहने की प्राचीन पद्धति का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि योगा करने से कई असाध्य रोगों का ईलाज संभव है और इसके माध्यम से स्वस्थ रहा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनाइटेड नेशन में जब इसके महत्व को रखा और इसे विश्व दिवस के रूप में मनाने की बात रखी तो सभी ने इसे सहर्ष स्वीकार किया।

यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि आज हमारे देश की पद्दति को पूरा विश्व अपना रहा है। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करके इसके माध्यम से स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील भी की।

# योग शब्द वेदों, उपनिषदों, गीता एवं पुराणों से आयाः डा. बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**
**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने नाहन विधानसभा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने समस्त प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा योग शब्द-वेदों, उपनिषदों, गीता एवं पुराणों में अति प्राचीन काल से व्यवहार में आया है। भारतीय दर्शन में योग एक अति महत्वपूर्ण शब्द है। आत्म दर्शन एवं समाधि से लेकर कर्मक्षेत्र तक योग का व्यापक व्यवहार हमारे शास्त्रों में हुआ है। महर्षि पतंजलि योग शब्द का अर्थ चित्तवृत्ति का निरोध करते हैं। महा ऋषि व्यास योग शब्द का अर्थ समाधि करते हैं। सयंम पूर्वक साधना करते हुए आत्मा का परमात्मा के साथ योग करके समाधि का आनंद लेना योग है।



# 'अपनी इच्छाशक्ति से योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर बुशहर/ लिहांटू**
**योग हमारी** भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम पहचान है। वैश्विक स्तर पर वर्तमान समय में योग का चलन बढ़ा है। वर्ष 2015 से 21 जून को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इसी शृंखला में हर वर्ष की तरह 21 जून, 2023 को एनजेएचपीएस में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्ष 2023 में योग दिवस की थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर रखी गई है। इस थीम को आयुष मंत्रालय द्वारा चुना गया है। योग दिवस के दिन सुबह की पहली रोशनी और स्वच्छ हवा के साथ एवं एसजेवीएन गीत के साथ योग शिविर की शुरूआत की गयी जिसमें परियोजना प्रमुख/कार्यकारी निदेशक रवि चन्द्र नेगी, कार्यकारी निदेशक मानव संसाधन पीएस नेगी व एनजेएचपीएस के सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर की शुरूआत परियोजना प्रमुख द्वारा योग के महत्वों को दर्शाते हुए की गयी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि सभी अपनी दृढ इच्छाशक्ति से योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और निरोगी बनकर अपने परिवार, समाज और देश के विकास में भागीदारी बने। आयुष विभाग की टीम से डॉक्टर लीना शर्मा एवं डॉक्टर उपासना तनवर द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं को कार्यदक्षता के साथ समझाया गया व हर क्रिया के लाभ से भी अवगत करवाया गया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के उपलक्ष्य पर निम्नानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए गुड हैल्थ एंड वेल बिंग थीम पर आधारित नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारियों के पारिवारिक सदस्यों के लिए माई लाइफ माई योगा के लिए वीडियो क्लिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



# हनी नेगी-डोनी ने बच्चों को संगीत पर दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**हिमाचल** प्रदेश के जाने-माने प्रतिष्ठित, सुरों के सरताज हनी नेगी और डोनी चौहान कल जब विद्यालय पहुंचे तो बच्चे, अध्यापक और सभी स्टाफ सदस्य स्टार कलाकारों को अपने बीच पाकर आश्चर्यचकित रह गए। हिमाचली लोक संस्कृति को अपनी नाटियों और गीतों से देश-विदेश में प्रसिद्धि और अलग पहचान देने वाले हनी और डोनी दोनों ने स्कूली बच्चों को हिमाचली संगीत, नाटियों और संगीत के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं को बताया। उन्होंने बच्चों को संगीत के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि सफलता किसी की मोहताज नहीं होती अगर प्रतिभा को सही मंच और स्थान मिले तो छोटी जगह और गांव से भी बड़े कलाकार उभर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार और राजनीतिक शास्त्र प्रवक्ता ललित ठाकुर सहीत सभी स्टाफ सदस्यों ने उनका विद्यालय में अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि स्टार कलाकारों जिनको बच्चे यूट्यूब और सोशल मीडिया साइट पर देखते हैं उनका विद्यालय में आना प्रोत्साहित और सकारात्मकता प्रदान करता है, जिस से प्रभावित होकर बच्चे भी संगीत के क्षेत्र में नया सीख कर आगे बढ़ सकते हैं।



# 'योग दुनिया में शांति-सौहार्द का वातावरण बनाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/खेमचंद शास्त्री**
**एनसीसी** वायुसेना विंग मंडी ने एनसीसी निदेशालय के दिशा निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफि सर डा. चमन ने एनसीसी वायु सेना विंग मंडी की यूनिटों का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि योग का आदर्श वाक्य वसुदेव कुटुंबकम वैश्विक एकता के लिए योग दुनिया में शांति व सौहार्द का वातावरण बनाएगा। एनसीसी का उद्देश्य एकता व अनुशासन है, वहीं योग का अर्थ भी एकजुट होना है। योग शक्ति, संतुलन और लचीलेपन में सुधार करता है। योग व एनसीसी के उद्देश्य एक अच्छा, संतुलित, एकीकृत, सच्चा, स्वच्छ, पारदर्शी व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र, प्रकृति व मानवता के लिए अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में भूमिका निभाते हैं।तथागत बुद्ध ने दुनिया को अष्टांग योग का मार्ग दिया है। मनुष्य दुखों पर यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि से विजय प्राप्त कर सकता है। योग में ध्यान के बिना लक्ष्य की प्राप्ति असंभव है। जीवन के उद्देश्य व ज्ञान को अर्जित करने के लिए शारीरिक व मानसिक शुद्धता महत्वपूर्ण है। जहां बुद्ध है वहां युद्ध नहीं। दुनिया में विश्व शांति के लिए योग व बुद्ध की शिक्षाओं से सत्य, अहिंसा, करुणा व दया का मार्ग प्रशस्त होगा। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुरीना शर्मा ने एनसीसी कैडेटों व एनएसएस स्वयंसेवियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर एनसीसी वायु सेना विंग मंडी,कालेज एनएसएस यूनिट, एनसीसी एयर विंग डीएवी मंडी ने आयुष विभाग व मंडी जिला प्रशासन के साथ मिलकर मंडी के ऐतिहासिक स्थल शैरी-चांननी शैरी-मंच में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लिया।




## न्यूज फ्लैश

### फिल्म टीकू वेड्स शेरू से मोहित चैहान का लेटेस्ट गाना तुम से मिल के रिलीज किया

**चंडीगढ़ :** अमेजॉन प्राईम वीडियो के सहयोग से सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट ने आज एक मधुर ट्रैक तुम से मिल के रिलीज किया। अत्यधिक अपेक्षित कॉमेडी ड्रामा, टीकू वेड्स शेरू के इस गाने में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर ने अभिनय किया है, और इसे अपनी आवाज मोहित चैहान ने दी है ।तुमसे मिलके में टीक और शेरू के बीच प्रेम और अनुराग के खूबसूरत रंग पेश किए गए हैं ।उन दोनों के जीवन का सफर इस मूवी का सार है ।बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और आकर्षक अवनीत कौर की इस प्रेम कहानी को मोहित चैहान ने अपनी मधुर आवाज दी है ।उनकी अनूठी प्रतिभा और गीत के हर बोल में भावनाओं को पिरोने की क्षमता ने इस गाने में जान फूंक दी है ।गौरव चटर्जी और साई कबीर द्वारा कंपोज किए गए इस गाने के बोल साई कबीर ने लिखे हैं। गायक मोहित चैहान ने कहा, इस गाने के लिए गौरव चटर्जी और साई कबीर के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा था ।उन्होंने कहा, इस गाने को नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर के खूबसूरत जोड़े पर फिल्माया गया है ।तुम से मिलके गीत आपके दिल को छू लेगा और आपको प्यार की दुनिया में ले जाएगा ।मैं श्रोताओं द्वारा अपने इस गीत के जादू का अनुभव लिए जाने का इंतजार कर रहा हूँ ।गौरव चटर्जी ने कहा, तुमसे मिलके पर काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा ।साई कबीर के भावुक बोल और मोहित चैहान की मधुर आवाज ने इस गीत की गहराई बढ़ा दी है। उन्होंने आगे कहा, यूँ तो यह एक खूबसूरत प्रेम गीत है, लेकिन इसमें एकाकीपन और तड़प भी है, जिसके कारण एक बेहतरीन रोमांटिक गीत है।

### चंबा से श्रीनगर तक 550 किलोमीटर की रैली ऑफ वैली में कार्चर ने निभाई अग्रणी भूमिका

**चंबा :** चंबा से श्रीनगर तक 550 किलोमीटर की रैली ऑफ वैली कार रैली में सफाई प्रौद्योगिकी के विश्व प्रमुख प्रदाता कार्चर ने आधिकारिक धोने का साथी के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई है। 14 जून 2023 को शुरू हुई इस रैली 30 कारों ने भाग लिया,रैली ऑफ वैली ने प्रतिभागियों और दर्शकों को दूसरों के समान उत्साह,गति और साहस का अनुभव कराया साथ ही उच्चतम गुणवत्ता वाली सफाई के साथ .साथ ऑटोमोटिव उत्कृष्टता का महत्त्व भी उठाया। इस रैली ने चंबा से श्रीनगर तक 550 किलोमीटर की यात्रा की जिसमें खतरनाक सड़कों से गुजरना पड़ा और रोमांचक एडवेंचर और आश्चर्यजनक दृश्यों का आनंद लिया। कार्चर,भारत के प्रबंध निदेशक जतिन्दर कौल ने कहा कि हमें गर्व है कि हम रैली ऑफ वैली के साथ मुख्य प्रायोजक के रूप में जुड़े हैं और हमें इस उत्कृष्ट घटना का हिस्सा होने पर उत्साहित हो रहे हैं जहां हमने मार्ग पर 4 पिट दुकानें स्थापित की हैं हमारे प्रेशर वॉशर,वैक्यूम क्लीनर और विंडो वैक्यूम क्लीनर की शक्ति का प्रदर्शन करने का मौका मिला जिससे भाग लेने वाले वाहनों की प्रदर्शन और दिखावट में सुधार हुआ ।चंबा मोटरस्पोर्ट के दिवाकर कालिया,ऑटोजी 365 मोटरस्पोर्ट के रिहेन भारद्वाज और अजलान एडवेंचर रेसिंग के तौफिक मुगल ने कहा कार्चर हमारे साथ थे तो रैली में भाग लेने वालों की प्रदर्शन क्षमता में तेजी आई। हमने मिलकर अपनी उत्कट भावना,शक्ति और सटीकता को प्रदर्शित किया और जीत के लिए कोई कोशिश नहीं छोड़ी।

# प्राचीन विजट महाराज मंदिर की छत पर 157 वर्षों बाद स्थापित की गई खुनेवड

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**जिला सिरमौर** का गिरिपार क्षेत्र पारंपरिक रीति-रिवाजों के लिए भी प्रदेश में जाना जाता है। चाहे खान-पान में हो चाहे पारंपरिक त्यौहार हो गिरिपार क्षेत्रों में सभी त्योहार मनाए जाते हैं, जिसका उदाहरण देवना गांव में देखने को मिला। जहां पर प्राचीन विजट महाराज के मंदिर में मंदिर की छत पर खुनेवड स्थापित की गई। बता दें कि इससे पूर्व 1866 मे खुनेवड लगाई गई थी। आज 157 साल के बाद इस प्रकार का बड़ा धार्मिक अनुष्ठान किया गया। मंत्रोच्चारण व विजट महाराज के जयकारों के साथ मंदिर के छत पर खुनेवड लगाई गई। विजट देवता के गुर्र ने आवाज देकर अलग-अलग परगने से आए लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। हजारों की संख्या में लोगों ने इस धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया।इस दौरान क्षेत्र की करीब दर्जनों पंचायतों के अलावा संगडाह राजगढ़, शिलाई के लोगों ने अनुष्ठान में भाग लेकर अपने आराध्य विजट महाराज का आशीर्वाद लिया।



# सरस्वती पैराडाइज में किया गया योग दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा। राजधानी** स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल आज एक उल्लेखनीय योग दिवस समारोह आयोजित करके वैश्विक आंदोलन में शामिल हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत एक ऊजार्वान सुबह की सभा के साथ हुई, जहां छात्र और शिक्षक स्कूल के खेल के मैदान में एकत्र हुए। वातावरण उत्साह से भरा हुआ था क्योंकि हर कोई योग सत्र के लिए तैयार था। शारीरिक शिक्षा के शिक्षकों ने संतुलन और विश्राम के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न आसनों और श्वास अभ्यास के माध्यम से छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में योग शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**द मैग्नेट** पब्लिक स्कूल हमीरपुर में अध्यक्ष स्वाति जार के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के विषय में जानकारी देना रहा। योग शिविर में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के शारीरिक शिक्षक अजय वर्मा के नेतृत्व में बारहवीं कक्षा के छात्र शिवम और ग्यारहवीं के हार्दिक ने योग के विभिन्न आसनों को करते हुए सभी विद्यार्थियों को विभिन्न आसनों की जानकारी दी। योग के द्वारा न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन भी स्वस्थ रहता है। दैनिक जीवन में योग को अपनाने से हम अपने आपको न केवल स्वस्थ रख पाते हैं, बल्कि अपने प्रत्येक कार्य को नई उमंग और उत्साह से भी कर पाते हैं। योग हमें मानसिक रूप से सृदृढ़ बनाता है, जिससे जीवन में आने वाली प्रत्येक कठिनाइयों का डटकर सामना कर सकते हैं। साथ ही आसानी से उसका समाधान भी कर सकते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने बच्चों को योग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग से शारीरिक और आत्मिक बल में वृद्धि होती है जोकि विद्यार्थी जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है।

# परवाणू डीएवी स्कूल नें मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/ विमल ग्रोवर। परवाणू** सेक्टर एक स्थित डीएवी स्कूल के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल हेड गर्ल द्वारा योग दिवस पर एक संक्षिप्त परिचय के साथ की गई। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य डा. हरनीत सिंह बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रहीं। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों ने वार्म अप अभ्यास और विभिन्न आसनों का अभ्यास और प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सभी को योग का महत्व भी समझाया गया।

# 'योग, मन और शरीर को स्वस्थ रखने का प्राचीन भारतीय ज्ञान'

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
**डॉ.** यशवंत सिंह परमार औद्योनिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में बुधवार को 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद से ब्रिगेडियर कुलजीत सिंह सेवानिवृत्त के नेतृत्व में प्रशिक्षकों की एक टीम ने योग दिवस समारोह में विश्वविद्यालय के छात्रोंए कर्मचारियों और शिक्षकों को योगाभ्यास किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर प्रोफेसर चंदेल ने कहा कि योग, मन और शरीर को स्वस्थ रखने का प्राचीन भारतीय ज्ञान है और हर व्यक्ति और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि भले ही विकास और प्रगति ने हमें हर संभव सुविधा दी है लेकिन यह अपने साथ जीवनशैली से जुड़ी कई बीमारियां भी लेकर आया है जो उच्चतम स्तर पर कार्य करने की हमारी क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से स्वस्थ और तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग को अपनी दैनिक गतिविधियों में शामिल करने का आग्रह किया।ब्रिगेडियर कुलजीत सिंह ने कहा कि योग और ध्यान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है और जीवन का एक तरीका है, जिसे जीवन के हर पहलू में शामिल किया जा सकता है। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों और उनकी सही तकनीकों से अवगत करवाया गया। सभी आसनों के लाभों के बारे में प्रतिभागियों को बताया गया। योग सत्र के बाद एक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया।इससे पहले डॉ. मीनू गुप्ता ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और योग दिवस के इतिहास के बारे में बताया। डॉ. प्रतिमा वैद्य ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



## न्यूज फ्लैश

### पंचर खडी कार में जा घुसी तेज रफ्तार दूसरी कार, दो की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बुधवार सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। मृतक और घायलों की पहचान कर ली गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी थी। हादसा महावन क्षेत्र में माइल स्टोन संख्या ११८ पर खेडिया गांव के समीप सुबह करीब साढ़े सात बजे हुआ। आगरा से नोएडा जा रही कार पंक्चर हो गई थी। कार सवार लोग उतरकर बाहर खड़े हो गए और चालक टायर बदलने लगा। हाईवे पर पीछे की तरफ से आई एक तेज रफ्तार इग्निस कार ने किनारे खड़े लोगों को रौंदते हुए पंचार खडी कार में टक्कर मार दी। हादसे में कालका, दिल्ली निवासी ७० वर्षीय योगेंद्र और श्रीनिवासपुरी दिल्ली निवासी ३० वर्षीय पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा चार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना महावन प्रभारी ललित शर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लोगों की मदद से इग्निस कार में फंसे घायलों को निकाला और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायलों की पहचान स्वेता , अंजनी, सुभांग के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ललित कुमार शर्मा ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा उनके परिजनों को सूचना भेज दी गई है।

### प्रेमपाल के हत्यारोपी को पकडे के लिए पुलिस दे रही दबिश

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नौहझील थाना क्षेत्र के गांव बाघई कटैलिया में चोरी की शिकायत करने पर हत्यारोपी मन्नू उर्फ मनोज पुत्र रामवीर द्वारा गांव के ही प्रेमपाल शर्मा की मारपीट कर ईंट व पेड़ के डंडे से कुचलकर सोमवार रात हत्या कर दी गई थी। घटनास्थल पर एसपी ग्रामीण त्रिगुन बिसेन,सीओ रविकांत पाराशर व इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थे। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड की भी टीमें मौके पर पहुंची। घटनास्थल से पुलिस को हत्या में प्रयुक्त खून से सनी ईंट व लकडी का डंडा भी घटना स्थल पर पड़ा मिला था।
जिसमें मृतक के छोटे भाई विपिन कुमार ने तहरीर देते हुए नामजद मन्नू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। हत्यारोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं मगर हत्यारोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। लगभग दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारोपी का कोई सुराग लगाने में सक्षम नहीं रही है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव में गमगीन माहौल में प्रेमपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रेमपाल के बेटे कालू,बेटी रजनी,पत्नी मुनेश देवी व परिजनों का रो रोकर बुरा हाल व बार बार पुलिस से इंसाफ दिलाने की मांग कर रहे थे। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि हत्यारोपी को पकड़ने के लिए एसओजी टीम, स्वाट टीम सहित तीन पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। जगह जगह दविश भी दी गई है। हत्यारोपी जल्द ही जेल के अंदर होगा।

### शाहजहांपुर : बिजली की समस्या को लेकर भाजपा विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**शाहजहांपुर/टीम एक्शन इंडिया**
ददरौल विधनासभा क्षेत्र के भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र में व्याप्त विद्युत समस्या को दुरुस्त कराने तथा पहले से स्वीकृत विद्युत केंद्रों का जल्द से जल्द निर्माण कराए जाने की मांग की है।
भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह ने पत्र में बताया है कि विद्युत उपखण्ड मदनापुर, विद्युत उपखण्ड चौहनापुर और विद्युत उपखण्ड बादशाहनगर क्षेत्र में बिजली की स्थिति काफी खराब है। क्षमता से अधिक भार तथा पहले से स्वीकृत कहिलिया एवं बरीखास विद्युत केन्द्रों का निर्माण कार्य शुरू न किया जाना इसका मुख्य कारण है। पुराने व जर्जर विद्युत तार आए दिन टूट कर गिर रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। ट्यूबवेल की लाईनों पर मात्र 04 से 05 घंटे ही बिजली आ रही है। इस कारण किसानों को धान की रोपाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई न हो पाने के कारण गन्ना, मूंगफली आदि फसलें सूख रही हैं।
भाजपा विधायक ने मांग की है कि जनहित और कृषक हित को देखते हुए पूर्व में स्वीकृत कहिलिया व बरीखास विद्युत केंद्रों का निर्माण कार्य शुरू कराएं तथा सरकार की मंशानुसार विद्युत आपूर्ति की जाए।

# विश्व योग दिवस पर शहर से लेकर गांव तक योगमय हुआ ब्रज

**-शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, आवासीय परिसरों, सरकारी कार्यालयों पर आयोजित हुए कार्यक्रम**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व योग दिवस पर सुबह से लेकर शाम तक, शहर से लेकर गांव तक ब्रज में योग की खुमारी छाई रही। सुबह जहां नियोजित कार्यक्रम हुए वहीं शाम को भी लोगों को पार्क और इसी तरह के दूसरे स्थानों पर योग करते देखा गया। विश्व योग दिवस पर लोगों ने योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और नियमित योग करने का भी खुद से वादा किया। शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक



संस्थाओं, आवासीय परिसरों, सरकारी कार्यालयों, पार्कों आदि में योग के कार्यक्रम हुए। शहर में जहां बडे स्तर पर योग कार्यक्रम हुए वहीं गावों में भी लोगों ने योग के प्रति रूचि दिखाई। संविलियन विद्यालय भीम नगर विकास खंड मांट पर योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान वीरेन्द्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी हरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य सीमा सारस्वत, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। इसी तरह के कार्यक्रम अन्य स्थानों पर भी देखने को मिले। ब्रज यातायात व पर्यावरण जनजागरूकता समिति परिवार ने एटीवी स्थित मां वैष्णो माता विद्या मंदिर के प्रांगण में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। जिसमें स्थानीय बच्चों, महिलाओं व वृद्धजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

## मोदी सरकार के नौ वर्ष बदलते भारत की कहानी है : पाठक

**बांदा/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जारी महा अभियान के अंतर्गत बुधवार को बांदा लोकसभा स्तरीय जनसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिना कर कार्यकताओं को अबकी बार 400 पार का संकल्प दिलाया गया।
जनसभा में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल को बेमिसाल करार दिया। उन्होंने कहा कि विगत नौ वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा न केवल वंचित, शोषित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा गया बल्कि उनका



सशक्तिकरण भी किया गया है। आज पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। आज पूरी दुनिया में भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। बीते नौ सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा है। 2014 में पदभार संभालने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने हर नीति में भारत प्रथम के संकल्प को स्थापित किया है। मोदी जी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बनकर उभरे हैं।

## उप्र : सुलतानपुर की जेल में दो बंदियों ने फांसी लगाकर दी जान

**सुलतानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जनपद के जिला कारागार में बुधवार को दो बंदियों ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर जिले के प्रशासनिक और पुलिस अफसर जेल पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वॉयड के साथ घटनास्थल की जांच की। सूचना पाकर आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार भी मौके पर पहुंचे हैं।



जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि बुधवार दोपहर दो बंदियों की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत की खबर मिली तो वह स्वयं और पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के साथ जिला कारागार पहुंचे। इनकी पहचान अमेठी जिले के जामो थानाक्षेत्र के लोरिकपुर गांव के निवासी करिया पासी और मनोज के रूप में हुई है। नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने पंचायतनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने बताया कि अमेठी जिले के दो कैदियों की मौत हुई है। दोनों एक ही क्षेत्र के रहने वाले हैं। पूरे मामले में जांच पड़ताल उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर की जा रही है।

## हिमांशु की धुआंधार बल्लेबाजी

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
यूपी टिम्बर ट्राफी क्रिकेट टूनामेंट में रेप्ल क्रसडर्स क्रिकेट क्लब ने ध्रुव क्रिकेट एकेडमी को पांच विकेट से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में हिमांशु सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 39 बाल पर 100 रन बनाये। ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में आठ विकेट गवांकर 216 रन बनाये। हर्ष त्यागी ने नौ चौका और सात छक्का की मदद से सर्वाधिक 44 बाल पर 95 रन बनाये। वहीं सलामी बल्लेबाज शिवांश कपूर ने छह चौका और एक छक्का की मदद से 35 बाल पर 56 रन का योगदान दिया। अभिषेक कौशल ने 37 रन बनाये। वहीं रेप्ल क्रिसडर्स क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट गवांकर ही 217 रन बना लिये और मैच को पांच विकेट से जीत लिया।

## देवकीनंदन की पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन में लोकतंत्र सेनानी एवं ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार देवकी नंदन कुम्हेरिया की तीसरी पुण्यतिथि पर ब्रज साहित्य परिषद न्याय के संयोजक राधा-कृष्ण कुम्हेरिया की अध्यक्षता में पररामायणी आश्रम निकट साक्षी गोपाल मन्दिर बड़ा बाजार गोवर्धन में काव्य संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से आये कई बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, विभिन्न भाषाओं के जाने माने कवियों और कला, संस्कृति प्रेमियों ने भाग लिया। रचनाकारों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर देश भक्ति और वीर रस की कविताओं की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। ब्रजभाषा काव्य रचना में हास्य व्यंग्य के स्थापित



रचनाकार लोकतंत्र सेनानी देवकी नंदन कुम्हेरिया के जीवन शैली पर प्रकाश डाला। चित्र छवि पर लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन ब्रज साहित्य परिषद न्यास के गोपाल प्रसाद उपाध्याय ने किया गया। काव्य संगोष्ठी में कवियों ने गीत, गजल कविताएं सुनाकर खूब वाहवाही लूटी कवि के.सी गौड़ ने कुम्हेरिया की याद में चार पंक्तियाँ सुनाने हुए कहा देवकीनंदन जी कूँ बंधन हृदय से करूं, मान या भूमि को जिन्होंने बढ़ायो हैं, ब्रज भाषा उन्नति को अनवरत लगे रहे साथ हम जैसे कूँ लिख वो लिखवायो है। बृजेश साहित्य के केंद्र बिंदु आप रहे बड़े बड़े मंचों पर सम्मान धन पायो है। वाणी के वरत पुत्र में साहित्य रस समायो हैं। वहीं अन्य कवियों ने भी अपनी अपनी मन की बात करता हूं के माध्यम से रखी।

## जिम से नहीं, योग से पूरी जिंदगी रह सकते हैं निरोग: किशन सिंह

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हर घर हर आंगन योग के रूप में मनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चैधरी ने इस दौरान केएम मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को योग के फायदे एवं उन्हें अपने माता-पिता के सपनों को साकार, उनकी आज्ञा परत्मामा स्वरूप मानने का ज्ञान देते हुए योग दिवस की शुभकामनाएं दी तथा रोजाना योग के लिए कुछ समय निकालने का सुझाव दिया। इस दौरान हर घर आंगन योग कार्यक्रम के समापन



अवसर पर योग गुरु बीएस गोस्वामी का सम्मान केएम चेयरमैन किशन चैधरी एवं आरएसएस के विभाग प्रचारक अरुण ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम मेडिकल एंड हास्पिटल के चेयरमैन किशन चैधरी ने भी सभी के साथ योगाभ्यास किया। चैधरी किशन सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारे अंदर होनी चाहिए, संस्कार होना चाहिए जिससे पढ़ाई अच्छी होगी।
जिम से नहीं योग से पूरे जीवन हम निरोग रह सकते हैं। योगाभ्यास के दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल डा. पीएन भिसे, केएम हॉस्पिटल के एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता, आरएसएस के विभाग प्रचारक अरुण, पार्षद पालीखेड़ा अभिजीत कुमार के अलावा हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ और मेडीकल कालेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### योग अनुशासन का विज्ञान है : माधवेन्द्र सिंह

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
एकल अभियान सम्पूर्ण भारत के ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों के एक लाख से अधिक गांवों में समग्र विकास हेतु विगत 33 वर्षों से प्रयत्नशील है।
भारत सरकार द्वारा 2017 का गांधी शान्ति पुरस्कार प्राप्त यह अभियान भारत के 340 जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में सफलतापूर्वक चल रहे एकल विद्यालयों द्वारा पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से समाज जागरण का सफल प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस की गोली लगने कुख्यात विष्णु गौतम और साथी हुए घायल



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस की गोली लगने से २० हजार के इनामी सहित दो अभियुक्त घायल हो गए। महिला के साथ हुई लूट की घटना के खुलासे के दौरान पुलिस की आरोपितों के साथ मुठभेड़ हुई। थाना जैत क्षेत्रान्तर्गत गरुड़ गोविन्द रामताल रोड पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।.एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर भी पुलिस ने बरामद की है। इस कार्यवाही को थाना जैंत पुलिस ने एसओजी के साथ अंजाम दिया। थाना प्रभारी जैत अजय वर्मा के मुताबिक मुठभेड़ के दौरान विष्णु गौतम पुत्र छत्रपाल गौतम निवासी ठाठौली थाना गोण्डा जनपद अलीगढ़ तथा प्रताप उर्फ छोटू पुत्र मेघ सिंह निवासी चैमुहां थाना जैत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को मथुरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष २०२१ में विष्णु गौतम ने मथुरा में होली गेट पर एक महिला से चैन छिनी थी जिसमें एक सीआरपीएफ के रिटायर इंस्पेक्टर के द्वारा इसे पकड़ने का प्रयास किया गया जिसमें विष्णु ने इंस्पेक्टर को गोली मार दी थी। वर्ष २०१६ में विष्णु गौतम ने थाना टूंडला क्षेत्र से पुलिस अभिरक्षा से एक मुलजिम को गोली चला कर छुड़ाया था जिसमें इस पर एनएसए लगी थी तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा २० हजार का इनाम घोषित किया गया था।

## मथुरा में होटल में हो रहा था जुआ, तभी पहुंच गई पुलिस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यमुनापार क्षेत्र में एक होटल में चल रहे जुए में शामिल आधा दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने करीब एक लाख रुपये बरामद किये हैं। फड़ से बरामदगी ८६,५०० रुपये बरामद किये जबकि जामा तलाशी से ४,१०० रुपये और मिले। पांच एन्ड्रोइड मोबाइल, दो ताश की गड्डी भी पुलिस ने बरामद की है। वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना जमुनापार मनिन्द्र सिंह के मुताबिक राधे राधे अतिथि भवन सिद्धार्थनगर में एक कमरे में जुआ होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी की। करन पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी गोपालपुर थाना जमुनापार, श्यामसुन्दर उर्फ श्यामा पुत्र साहब सिंह निवासी गौसना थाना जमुनापार, दीपक उर्फ दीपू उर्फ दीपकरन पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी भूतिया थाना जमुनापार मथुरा हाल निवासी सिद्धार्थ नगर थाना जमुनापार, कन्हैया उर्फ कन्हैयालाल पुत्र महेन्द्र निवासी नगला सिरिया थाना मांट, बाबू पुत्र जगदीश निवासी सिद्धार्थ नगर थाना जमुनापार तथा उमेश पुत्र ओमप्रकाश उम्र ३३ वर्ष निवासी भूतिया वाली गली लक्ष्मी नगर थाना जमुनापार को मौके से

## किसने बना दिया सड़क पर मरना हमारी नियति

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सड़क पर चलना, सरहद पर लड़ने से कम जोखिम भरा नहीं रह गया है। यही वजह है कि जब कोई युवक वाहन लेकर सड़क पर निकलता है तो उसकी मां को उतनी ही चिंता रहती जितनी कि युद्ध के समय सरहद पर पड़ रहे जवान की मां चिंतत होती है।
सड़क खून से लाल हो रही हैं। जिम्मेदार भ्रष्ट सरकारी महकमों ने सड़क पर मरना हमारी नियति बना दिया है। जिन अधिकारियों पर कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी है वही कानून की



धज्जियां उड़ाते रहे हैं। जिम्मेदार महकमों ने आंखों पर पट्टी बांध रखी है। एआरटीओ मथुरा ने वर्षों से उन दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ कोई अभियान नहीं चलाया है जिनका कमर्शियल उपयोग किया जा रहा है। मोटरसाइकिल पर ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। मोटरसाइकिल पर ही दूध और खोवा की कैंन ढोई जा रही हैं। ऐसे दो पहिया वाहन अक्सर हादसे का कारण बनते हैं। सबसे ज्यादा खतरनाक ऑटो की सवारी हो गई है। पूरे ऑटो में जितनी सवारी बिठाने का लाइसेंस है उतनी तो ऑटो चालक अपनी सीट के दोनों और बिठा लेता है। बड़ा हादसा होने पर ही इन के खिलाफ पुलिस और एआरटीओ की सख्ती दिखाई देती है। जर्जर स्कूल बसें बच्चे ढोए जा रहे हैं तो खस्ताहाल हो चलीं मैक्स गाड़ियां मथुरा से आगरा और मथुरा से कोसी तक एनएच टू पर दौड़ रही हैं। न ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने में नियमों का पालन किया जा रहा है, नहीं फिटनेस टेस्ट में, यहां तक कि सड़क पर भी सिर्फ उगाही तक ही हर

# विश्व योग दिवस पर योगमय हुई योगीराज की नगरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व योग दिवस पर योगीराज की नगरी योगमय हो गई। मठ, मंदिर, यमुना के तट से लेकर खेल के मैदान तक सब योग के रंग में रंगे नजर आये। सभी तहसील, ब्लाक, नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका, पार्क, स्कूल, कॉलेज, स्टेडियम, घाट, मन्दिर प्रांगण आदि स्थानों पर योग हुआ। स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम में नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भव्यता से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पुलकित खरे, विधायक सदर श्रीकान्त शर्मा, बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, नगर आयुक्त अनुनय



झा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, ज्वाइंट मजिस्टेऊट अजय जैन तथा ध्रुव खादिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे सहित जनपद के अधिकारियों के अलावा छात्र छात्राएं, स्वयंसेवी संगठनों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में भागीदारी लेकर योग किया। विश्राम घाट सहित समस्त २५ घाटों पर योग के कार्यक्रम हुए। जवाहर बाग, देवरहा बाबा घाट, केशी घाट, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, भगत सिंह पार्क, गांधी पार्क में भी योग हुआ। गोवर्धन के श्रीनाथ जी मंदिर, गीता आश्रम रमण रेती, कीर्ति मंदिर बरसाना, सिद्ध विनायक कॉलेज तथा श्री बाबूलाल महाविद्यालय। सदर के हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज फरह, पंडित दीन दयाल उपाध्याय धाम फरह तथा किसान इंटर कॉलेज राल। छाता के गांधी पार्क कोसीकलां, नंदगांव मंदिर प्रांगण, कोको कोला फैक्ट्री परिसर तथा संस्कृति विश्वविद्यालय छाता। मांट के बृज आदर्श इंटर कॉलेज, श्री राधा रानी मंदिर पार्किंग स्थल पिथरौली पानी गांव तथा तहसील परिसर मांट। महावन के विकास खंड राया परिसर, ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल प्रेमनगर तथा रमणरेती आश्रम में योग किया गया। स्व. मोहन पहलवान स्पोर्टस स्टेडियम में योग के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानन्द पाण्डेय, नगर मजिस्टेऊट सौरभ दुबे, डिप्टी कलेक्टर दीपिका मेहर, नीतू रानी, वैभव गुप्ता, संत रामदास, आदेश कुमार, क्रीड़ाधिकारी राकेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अभिनव मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी कुमार प्रभात चन्द्र, दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्या सहित अन्य लोग

## भारत की बढ़ती साख से दुश्मन देश घबराए

**जौनपुर/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में जितना विकास कार्य हुआ है उतना 70 सालों में नहीं हुआ।
विकास कार्यों और उपलब्धियों के बल पर भाजपा लगातार तीसरी बार केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। पीएम मोदी की अगुवाई में देश का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। यह बातें बुधवार को केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित मल्हनी विधानसभा में राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह ने कहा।उन्होंने आगे कहा कि मेक इन इंडिया के तहत उद्योगों

**भाजपा सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में जितना विकास कार्य हुआ है उतना 70 सालों में नहीं हुआ**

के विकास के लिए आधुनिक और सुविधाजनक बुनियादी ढांचा तैयार हुआ। डिफेंस इंडिस्ट्रयल कॉरिडोर योजना के जरिए रक्षा क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम हुई है और भारत पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि किसानों को समृद्धिशाली बनाने के लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई गई है और नमामि गंगे योजना से सभी नदियों को स्वच्छ किया जा रहा है। केंद्र सरकार की ऐसी बहुत सारी उपलब्धियां हैं जिससे भारत समृद्धि और मजबूत बन रहा है। मोदी सरकार में बिना भेदभाव हर वर्ग को अधिकार और सम्मान मिला है। वही वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख से दुश्मन देश घबराए हुए हैं।
उन्होंने आगे बताया कि मोदी सरकार ने देश में ही नहीं, विदेशों में भारत का डंका बहुत जोशीले अंदाज में बजाया है इससे भारत देश का गौरव ऊंचा हुआ है। साथ ही गरीबों के लिए विशेषकर आवास शौचालय सड़क बिजली पानी उज्जवला योजना लागू कर-के गरीबों के उत्थान के लिए एक मिसाल कायम किया है।

## बीते दिनों हवाई किराये में क्यों हुई थी बढ़ोतरी सिंधिया ने बताई वजह; बोले- अब 64फीसदी तक की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हाल ही में हवाई किराए में वृद्धि पर बात की। उन्होंने कहा, "दो कारणों से हवाई किराए में वृद्धि हुई थी। नागरिक उड्डयन एक सीजनल क्षेत्र है। नागर विमानन क्षेत्र में दो सीजन होते हैं एक हाई सीजन और दूसरा लो सीजन। हवाई यात्रा के मामले में पिकअप का सीजन था इस बीच, हमारी एक एयरलाइन का परिचालन बंद हो गया। इसलिए, इससे दबाव बढ़ गया और अतिरिक्त मांग होने के कारण कीमतें बढ़ी। हालांकि बीते पांच तारीख को बैठक के बाद चीजें सुधरीं। पिछले 10 दिनों में किराये में 16-64 प्रतिशत की कमी आई है।" इससे पहले नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एयरबस के साथ 500 ए320 विमान खरीदने के इंडिगो के समझौते को भारत के लिए मील का पत्थर बताया है। नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्री ने मंगलवार को विश्वास व्यक्त किया कि इस निवेश से भारत के भीतर रोजगार के अवसरों के संदर्भ में उपयोगी परिणाम मिलेंगे।



## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.22 डॉलर यानी 0.29 फीसदी उछलकर 76.12 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.23 डॉलर यानी 0.32 फीसदी बढ़कर 71.42 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।



## रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी: हुरुन इंडिया

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को देश की सबसे मूल्यवान निजी क्षेत्र की कंपनी है। बरगंडी प्राइवेट-हुरुन इंडिया ने मंगलवार को जारी सूची में यह जानकारी दी है। बरगंडी प्राइवेट-हुरुन इंडिया 500 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज 16.4 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ सबसे मूल्यवान कंपनी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 11.8 लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एचडीएफसी बैंक 9.4 लाख करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस 16,297 करोड़ रुपये भुगतान के साथ सर्वाधिक कर देने वाली कंपनी भी रही। वित्त वर्ष 2022-23 में यह 67,845 करोड़ रुपये का लाभ कमाने के साथ सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली कंपनी है। यह सूची 30 अक्टूबर, 2022 से 30 अप्रैल, 2023 के बीच शीर्ष 500 भारतीय कंपनियों के मूल्यांकन में आए बदलाव के को दर्ज करती है जिसमें गैर-सरकारी क्षेत्र की शीर्ष मूल्यवान कंपनियां शामिल है।




## एयर इंडिया ने एयरबस-बोइंग से 470 विमानों की खरीद करार पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया (एआई) ने एयरबस और बोइंग से सूचीबद्ध मूल्य पर करीब 70 अरब डॉलर में 470 विमानों की खरीद के करार पर हस्ताक्षर किए हैं। टाटा समूह की अगुवाई वाली एयरलाइंस ने इस साल फरवरी में कहा था कि वह बड़े आकार वाले विमानों सहित कुल 470 विमान इन दोनों विमान विनिर्माताओं से खरीदेगी।

एयर इंडिया ने जारी एक बयान में बताया कि इस खरीद करार पर पेरिस एयर शो से इतर हस्ताक्षर किए गए। कंपनी के मुताबिक यह करार उसके द्वारा फरवरी में घोषित 70 अरब डॉलर (सूचीबद्ध मूल्य पर आधारित) के बेड़ा विस्तार कार्यक्रम का अगला कदम है। इस साल के अंत में एयरबस ए350 नए विमानों की आपूर्ति शुरू करेगी। कंपनी ने कहा कि ज्यादातर विमान 2025 के मध्य से मिलने शुरू होंगे। एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम से दीर्घावधि की वृद्धि और सफलता की दिशा में एआई की स्थिति और मजबूत हुई है।

कंपनी ने बताया कि इस पक्के ऑर्डर में 34 ए350-1,000, छह ए350-900, 20 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर और 10 बोइंग 777 एक्स बड़े विमानों के अलावा 140 एयरबस ए320 नियो, 70 एयरबस ए321 नियो और 190 बोइंग 737 मैक्स छोटे आकार के विमान शामिल हैं।



## स्वामीनाथन जानकीरमन आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्वामीनाथन जानकीरमन को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। जानकीरमन महेश कुमार जैन का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा है। वह अभी स्टेट बैंक इंडिया (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद पर कार्यरत हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने जारी अधिसूचना में बताया कि स्वामीनाथन जानकीरमन को रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के रूप में स्वामीनाथन जानकीरमन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इनकी नियुक्ति 22 जून, 2023 से अगले तीन सालों के लिए की गई। स्वामीनाथन जानकीरमन पर्यवेक्षण, वित्तीय समावेशन और विकास, उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण विभाग के प्रभारी महेश कुमार जैन की जगह लेंगे।



## चीन की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा में बड़ा फेरबदल, इन दो शख्सों को मिली चेयरमैन और सीईओ की कमान

**बीजिंग।** चीन की दिग्गज टेक कंपनी अली बाबा ने एक बड़े उलटफेर के तहत अपने चेयरमैन और सीईओ डेनियल झांग को पद से हटा दिया है। वर्तमान में अली बाबा के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन और सह-संस्थापक जोसेफ त्साई नए चेयरमैन होंगे। वहीं कंपनी के ई-कॉमर्स यूनिट के चेयरमैन एडी वू झांग की जगह पर कंपनी के नए सीईओ होंगे। अली बाबा ने मंगलवार को इन नियुक्तियों की जानकारी दी है। ये दोनों नियुक्तियां सितंबर महीने से प्रभावी होंगी। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार झांग अली बाबा के क्लाउड यूनिट के चेयरमैन और सीईओ बने रहेंगे। हाल के वर्षों में कंपनी ने दूसरी बार बड़ा फेरबदल किया है। इससे पहले वर्ष 2019 में अलीबाबा के सह-संस्थापक जैक मा ने कंपनी की एग्जीक्यूटिव लीडरशिप छोड़ दी थी।




## बैंक से 429 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में एक और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने 429 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी और सार्वजनिक धन के गबन से जुड़े एक मामले में चल रही धनशोधन जांच के तहत एक और गिरफ्तारी की है। आरोपी सागर मारुति सूर्यवंशी को पुणे स्थित सेवा विकास सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत 15 जून को हिरासत में लिया गया था। विशेष पीएमएलए अदालत ने उसे 26 जून तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। ईडी के अधिकारी के अनुसार सागर सूर्यवंशी और उसके रिश्तेदारों को 10 एनपीए (गैर-निष्पादित संपत्ति) ऋण खातों में बैंक के साथ 60.67 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का दोषी पाया गया है। उन्होंने अमर मूलचंदानी (बैंक के पूर्व अध्यक्ष) के साथ मिलकर पर्याप्त साख और चुकाने की क्षमता के बिना ऋण प्राप्त किया। महाराष्ट्र पुलिस ने मूलचंदानी और उनके परिवार के पांच सदस्यों को 27 जनवरी को पूर्व बैंक अध्यक्ष के खिलाफ ईडी के छापे में बाधा डालने और कथित तौर पर 'सबूत नष्ट करने' के आरोप में गिरफ्तार किया था। मूलचंदानी और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच बैंक की शिकायतों के आधार पर पुणे पुलिस की ओर से दर्ज कई एफआईआर और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार की ओर से किए गए ऑडिट से उपजी है।

## आखिरी घंटे की लिवाली से शेयर बाजार ने की शानदार रिकवरी

**नई दिल्ली।** दिन के पहले कारोबारी सत्र में बिकवाली का दबाव झेलने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने दूसरे कारोबारी सत्र में जबरदस्त रिकवरी की। खासकर कारोबार के आखिरी घंटे में हुई जोरदार लिवाली के कारण शेयर बाजार आज एक बार फिर अपने सर्वोच्च स्तर के काफी करीब पहुंचा। इस तेजी की वजह से सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 638 अंक से अधिक उछलने में सफल रहा। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में सबसे अधिक तेजी ऑटोमोबाइल, यूटिलिटी, पावर और आईटी सेक्टर के शेयरों में देखने को मिली। ऑटोमोबाइल और पावर इंडेक्स आज 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं आईटी और मेटल सेक्टर में 0.50 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई के मिडकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 293.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 292.50 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.29 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,631 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,945 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,560 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 126 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,053 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,166 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 887 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 8.47 अंक की मामूली बढ़त के साथ 63,176.77 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआत में ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से पहले 1 घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक 366.39 अंक लुढ़क कर 62,801.91 अंक तक पहुंच गया। हालांकि 10:30 बजे के बाद से बाजार में खरीदारी शुरू हो गई, जिससे सेंसेक्स ने धीरे-धीरे रिकवरी करना शुरू कर दिया। आखिरी घंटे में बाजार में तेजी लिवाली शुरू हो गई, जिससे कारोबार बंद होने के कुछ देर पहले सेंसेक्स आज के निचले स्तर से 638.28 अंक उछल कर 63,440.19 अंक तक पहुंच गया। हालांकि आखरी मिनट में हुई बिकवाली की वजह से इस सूचकांक ने ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 159.40 अंक की तेजी के साथ 63,327.70 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी आज 3.10 अंक की कमजोरी के साथ 18,752.35 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में हुई बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक लुढ़क कर 18,660.65 अंक तक गिर गया, लेकिन 271.89 अंक की मजबूती के साथ पहले 1 घंटे के कारोबार के बाद लिवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक ने भी तेजी की राह पकड़ ली। आखिरी 1 घंटे के कारोबार में इस सूचकांक ने खरीदारी के सपोर्ट से 84.25 अंक की मजबूती के साथ 18,839.70 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की, लेकिन आखिरी वक्त में हुई मामूली बिकवाली की वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे गिर कर 61.25 अंक की मजबूती के साथ 18,816.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स 3.04 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 2.74 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 2.73 प्रतिशत, पावर ग्रिड कारपोरेशन 2.32 प्रतिशत और आयशर मोटर्स 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस 1.86 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.36 प्रतिशत, सन फार्मास्यूटिकल्स 0.98 प्रतिशत, बीपीसीएल 0.61 प्रतिशत और डिवीज लेबोरेट्रीज 0.52 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।



## कीमत पर अंकुश लगाने के लिए राज्यों को चावल नहीं दे रहा केंद्र, कई समेत कई राज्यों ने की मांग

**नई दिल्ली।** केंद्र ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने स्टॉक से कई राज्यों को चावल उपलब्ध कराने या बेचने से इन्कार कर दिया है कि अनाज की कीमत खुले बाजार में न बढ़े और लोगों को यह सस्ते में मिलता रहे। केंद्रीय उपभोक्ता मंत्री पीयूष गोयल ने कर्नाटक को चावल की आपूर्ति से मना किए जाने के बाद उत्पन्न राजनीतिक विवाद के बीच कहा कि सचिवों की एक समिति ने फैसला किया है कि केंद्रीय भंडार में चावल का स्टॉक देश के 140 करोड़ लोगों की सेवा के लिए रखा जाना चाहिए। राज्य जरूरत पड़ने पर बाजार से चावल खरीद सकते हैं। गोयल ने कहा, मुझे उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश, समेत कई?राज्यों से चावल की मांग मिली है।?लेकिन, हमने उन सबको चावल देने से इनकार कर दिया है।

**इंडोनेशिया, गांबिया नेपाल को टूटे चावल के निर्यात को मंजूरी**

केंद्र ने कुछ देशों को गेहूं और टूटे चावल के निर्यात को मंजूरी दे दी। इन देशों की ओर से अनाज के शिपमेंट की अनुमति देने के अनुरोध के बाद सरकार ने यह फैसला किया। सरकार ने 2022 में गेहूं और टूटे चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। सरकार की ओर से मंगलवार देर रात जारी अलग अलग अधिसूचनाओं में बताया गया कि इंडोनेशिया, सेनेगल, गांबिया को वित्तवर्ष 2023-24 में टूटे चावल और नेपाल को गेहूं का निर्यात किया जाएगा। इन देशों को अनाज निर्यात करने वाले भारतीय निर्यातकों को गेहूं और टूटे चावल के आवंटित कोटा के लिए बोली लगानी होगी।



**सरकारी इस्पात कंपनियों ने चुकाया 692 करोड़ बकाया**

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनियों ने इस साल मई में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का 692.36 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया भुगतान किया है। यह मई, 2022 में किए गए भुगतान से 35.6व अधिक है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, अप्रैल-मई, 2023 में सरकारी इस्पात कंपनियों ने एमएसएमई को 1,321.32 करोड़ का भुगतान किया है। यह सालाना आधार पर 23.8व अधिक है।

**28 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा फार्मा निर्यात**

भारत से फार्मा निर्यात चालू वित्त वर्ष 28 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा।?2022-23 में देश से 25.39 अरब डॉलर के फार्मा उत्पादों का निर्यात किया गया था।?

फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के महानिदेशक उदय भास्कर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान निर्यात में 10 फीसदी के तेजी देखने को मिल सकती है।?वहीं, अप्रैल और मई में फार्मा निर्यात 0.7 फीसदी अधिक रहेगा।?

**ईपीएफओ से जुड़े 17.20 लाख सदस्य**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से अप्रैल में शुद्ध आधार पर 17.20 लाख सदस्य जुड़े। इनमें करीब आधे लोग पहली बार इसके सामाजिक सुरक्षा दायरे का हिस्सा बने। नए?सदस्यों में 54.15 फीसदी कर्मचारी 25 साल से कम उम्र के हैं।

**बीओएम ने 795.94 करोड़ लाभांश दिया**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 2022-23 के लिए 795.94 करोड़ का लाभांश चेक सौंपा है। बैंक ने कहा, यह उसकी ओर से सरकार को दिया सर्वाधिक लाभांश है।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले- कई अमेरिकी-यूरोपीय देशों से होगा फ्री ट्रेड अग्रीमेंट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बीच वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अनेक अमेरिकी-यूरोपीय देशों से फ्री ट्रेड अग्रीमेंट पर बात चल रही है। इसके अंतिम रूप से तय हो जाने के बाद देश के निर्यात को शीर्ष स्तर पर ले जाने में मदद मिलेगी। वर्ष 2030 तक देश का कुल निर्यात बढ़ाकर 165 लाख करोड़ रुपये तक करने की योजना है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश के निर्यात सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स सेक्टर को भी मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी बनाकर उत्पादकों के लिए निर्यात सस्ता सुगम बनाने की कोशिश हो रही है। 2014 - 15 में केवल छह हजार पेटेंट हासिल हुए थे, पिछले वर्ष यह बढ़कर 34 हजार तक पहुंच चुका है। गोयल ने कहा कि ई-कॉमर्स से छोटे दुकानदारों को लाभ पहुंचाने के लिए उन्हें ओपन नेटवर्क का लाभ दिया जा रहा है। ONDC के जरिए छोटे उत्पादकों, छोटे दुकानदारों और उपभोक्ताओं को जोड़ा जा रहा है। इससे छोटे दुकानदारों के साथ साथ उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान अर्थव्यवस्था 3.5 ट्रिलियन डॉलर की हो चुकी है। अगले 25 वर्षों में इसे आगे बढ़ाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। 2020-21 के 500 बिलियन डॉलर निरीक्षण से बढ़कर अब यह 62 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 165 लाख करोड़ रुपये तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

केंद्र में भाजपा के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया के शीर्ष देश भारत को अपनी सप्लाई चेन का हिस्सा बनाना चाहते हैं। इसका लाभ देश को मिलेगा और देश के निर्यात क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यूरोपियन यूनियन के अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट की तैयारी चल रही है। इसी तरह की कोशिश अमेरिकी और कई अन्य यूरोपीय देशों के साथ हो रही है।




## अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप ने पारुल शर्मा को बनाया प्रेसिडेंट

**नई दिल्ली।** रिलायंस के अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप ने पारुल शर्मा को ग्रुप प्रेसिडेंट के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 20 जून 2023 से प्रभावी होगी। पारुल दिल्ली से ही कंपनी का कामकाज देखेंगी। पारुल से पहले इस पद पर उनके पति एंथोनी जेसुदासन उर्फ टोनी जेसुदासन थे, जिन्होंने लगभग 40 सालों तक रिलायंस ग्रुप को अपनी सेवाएं दीं। इसी साल फरवरी में उनका निधन हो गया, जिसके बाद अब उनकी पत्नी पारुल शर्मा को कंपनी ने यह जिम्मेदारी सौंपी है। पारुल शर्मा को रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी समूह का ग्रुप प्रेसिडेंट बनाए जाने पर समूह के मुखिया अनिल अंबानी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि पारुल हमारे साथ बतौर ग्रुप प्रेसिडेंट जुड़ रही है। वहीं पारुल शर्मा ने कहा है कि टोनी की जगह पर रिलायंस ग्रुप पर जुड़ना आसान काम नहीं, लेकिन मुझे यह काम करते हुए देखकर टोनी को बहुत खुशी होगी। पारुल शर्मा की बात करें तो उन्होंने रुपर्ट मर्डोक के स्टार इंडिया की कॉरपोरेट इमेज, पब्लिसिटी और रिलेशनशिप को नया आकार देने में अहम योगदान दिया था। वे 15 सालों तक कंपनी के कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजी का नेतृत्व करती रही हैं।

## प्रीमियर हैंडबॉल लीग:महाराष्ट्र आयरन मैन और तेलुगू टैलंस ने खेला रोमांचक ड्रा

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में चल रहे प्रीमियर हैंडबॉल लीग मैच में महाराष्ट्र आयरनमैन और तेलुगु टैलंस के बीच पहले सीजन का 25वां मैच बराबरी पर समाप्त हुआ।




खेल के अंत तक स्कोर 30-30 था। प्रीमियर हैंडबॉल लीग में यह अब तक का केवल दूसरा ड्रा है। प्रीमियर हैंडबॉल लीग की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों महाराष्ट्र आयरन मैन और तेलुगू टैलंस ने एक बेहद आकर्षक मैच में एक-दूसरे का सामना किया। टैलंस और आयरन मैन दोनों ने इस मैच से पहले ही पीएचपल के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। आयरनमैन के कोच डॉ सुनील कुमार ने मैच में प्रमुख सदस्यों को आराम दिया। चिसेलिचोव और कियानी ने बेंच पर रहते हुए मैच शुरू किया, जबकि नवीन देशवाल को बाहर रखा गया।

## घाना के स्टार फुटबॉलर असामोआह ग्यान ने पेशेवर फुटबॉल से लिया संन्यास

**अकारा।** घाना के स्टार फुटबॉलर असामोआह ग्यान ने 20 साल से अधिक के शीर्ष पेशेवर करियर के बाद फुटबॉल से आधिकारिक सेवानिवृत्ति की घोषणा की है। 2003 और 2019 के बीच घाना के लिए 109 मैच खेलने वाले 38 वर्षीय असामोआह



ने अफ्रीकी एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक की वार्षिक आम बैठक के दौरान एक पैनल चर्चा के बाद यह घोषणा की। घाना की राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ग्यान ने घोषणा की, मैं अपने देश और प्रशंसकों के लिए घोषणा करना चाहता हूं कि मैंने आज फुटबॉल से आधिकारिक रूप से संन्यास ले लिया है। वह हाल ही में घाना प्रीमियर लीग में लेगॉन सिटीज के लिए एक स्ट्राइकर के रूप में खेले। अपने पेशेवर करियर के दौरान ग्यान ने स्थानीय क्लब लिबर्टी प्रोफेशनल्स, इटली में मोडेना और उडीनीज, फ्रेंच लीग 1 क्लब रेनेस और इंग्लिश प्रीमियर लीग में सुंदरलैंड एएफसी के लिए खेले। ग्यान संयुक्त अरब अमीरात में अल ऐन और चीनी सुपर लीग पक्ष शंघाई एसआईपीजी के लिए भी खेले।

## नेशनल इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में तजिंदरपाल, श्रीशंकर का रहा जलवा

**भुवनेश्वर।** नेशनल इंटर-स्टेट चैंपियनशिप जो कि आगामी एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, में शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर और लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर के नेतृत्व में देश के एलीट एथलीटों ने शीर्ष स्तर का प्रदर्शन किया। यहां गर्म और उमस भरी परिस्थितियों के बावजूद, 70 से अधिक एथलीटों ने अपने-अपने इवेंट्स के क्वालीफाइंग मार्क्स को पार कर लिया, जो एशियाई खेलों के लिए एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा निर्धारित किए गए थे। अब यह एएफआई चयन समिति पर निर्भर है कि वह भारतीय एथलेटिक्स टीम का चयन करे। एएफआई चयन करते वक्त फेडरेशन कप सहित वर्ष में पहले आयोजित कार्यक्रमों के प्रदर्शन को भी ध्यान में रखेगी। एक देश प्रति इवेंट में केवल दो एथलीट भेज सकता है और भारत के लिए कई इवेंट्स में दो से अधिक एथलीटों ने एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग मार्क को पार किया है। एएफआई ने भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले को छोड़कर सभी एथलीटों के लिए चैंपियनशिप में भाग लेना अनिवार्य कर दिया था।

# भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों को तनाव से निपटने में मदद करता है योग

**बेंगलुरु।** पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। योग का अभ्यास करने से खिलाड़ियों के दिमाग और शरीर को फिट रखने में कई फायदे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, भारतीय हॉकी टीमों के खिलाड़ियों ने बताया कि कैसे योग से उन्हें अपने प्रदर्शन में मदद मिली है। भारतीय पुरुष टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, सबसे पहले जब हमें योग से परिचित कराया गया, तो हमें लगा कि यह बहुत धीमा है और एक घंटे के योगाभ्यास में सभी आसनों को ठीक से करना आसान नहीं है। लेकिन आखिरकार, हमें पता चला है कि योगाभ्यास ने ध्यान की शक्ति में जबरदस्त मदद की है।

उन्होंने कहा, आज, योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। व्यक्तिगत रूप से, यह मुझे बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है और विशेष रूप से विश्व कप के दौरान मेरी चोट के बाद, योग ने मुझे रिकवरी प्रक्रिया में मदद की है। मैं योग सत्रों के बाद बहुत अधिक आराम महसूस करता हूं और यह इससे हमें बेहतर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिली है।

हार्दिक के विचारों का समर्थन करते हुए, भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान नवनीत कौर



ने लोगों से अपने समग्र कल्याण के लिए योग का अभ्यास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, योग हमारी साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा है और इसने हमें अपने तनाव के स्तर को प्रबंधित करने में बहुत मदद की है। यह हमारे शरीर को आराम देता है, विशेष रूप से एक भारी सत्र के बाद। कुछ आसनों ने हमारे लचीलेपन में बहुत मदद की है।

भारतीय महिला हॉकी टीम वर्तमान में अपने स्पेन दौरे से पहले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए साई, बेंगलुरु में है, भारतीय पुरुष टीम यूरोप में अपने प्रो लीग अभियान के बाद दो सप्ताह के ब्रेक पर है। चीन में होने वाले एशियाई खेलों से पहले अगले कुछ महीने दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे अपनी-अपनी श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीतकर 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगी।

कौर ने कहा, शिविर में हम जो भी सत्र देखते हैं, चाहे वह जिम हो, योग हो, हॉकी कौशल प्रशिक्षण, रिकवरी आदि ये सभी एशियाई खेलों की हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण होते हैं और हम महसूस करते हैं कि हम जो कुछ भी करते हैं उसमें अपना 100 प्रतिशत देने की आवश्यकता है। हम भाग्यशाली हैं कि साई, बेंगलुरु में एक पेशेवर सेट अप है जो हमें प्रशिक्षित करने के लिए एक शानदार वातावरण प्रदान करता है।

# वीरेंद्र सहवाग, प्रज्ञान ओझा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटरों वीरेंद्र सहवाग और प्रज्ञान ओझा ने बुधवार को अपने अनोखे तरीके से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज सहवाग, ने शीर्षासन करते हुए सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा, आप सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं। सहवाग के साथ, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और उनके साथी प्रज्ञान ओझा ने इंस्टाग्राम पर योग करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग का व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। अपनी पोस्ट में, उन्होंने लिखा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं! इस प्राचीन अभ्यास को अपनाने से शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा मिलता है, सद्भाव और आंतरिक शांति को बढ़ावा मिलता है। आइए योग की शक्ति का उपयोग करके माइंडफुलनेस पैदा करने, तनाव कम करने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए एकजुट हों। हर साल 21 जून को दुनियाभर में



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह योग के असंख्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अवधारणा को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान पेश किया था। तब से, योग ने लचीलेपन, शक्ति, संतुलन और समग्र फिटनेस को बढ़ाने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया भर में भारी लोकप्रियता हासिल की है। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' यानी 'एक विश्व-एक परिवार' के रूप में सभी के कल्याण के लिए योग है। यह योग की भावना पर जोर देता है, जो सबको साथ लेकर चलती है।

# पीसीबी अध्यक्ष के रूप में जाका अशरफ की वापसी तय

**लाहौर।** जाका अशरफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2011-13 की अवधि में पीसीबी का नेतृत्व करने वाले अशरफ देश में शासन करने वाले राजनीतिक गठबंधन में बदलाव के बाद पाकिस्तान में शीर्ष खेल पद के दावेदार के रूप में उभरे हैं। वर्तमान अध्यक्ष नजम सेठी, सोमवार (19 जून) अस्थायी रूप से पीसीबी से बाहर हैं। प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ, जो पीसीबी के संरक्षक-इन-चीफ भी हैं, ने अशरफ और सुप्रीम कोर्ट के वकील मुस्तफा रामडे को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल करने के लिए नामित किया है। चुनाव जल्द ही होने की उम्मीद है और अशरफ की नियुक्ति एक औपचारिकता है। एक सप्ताह के भीतर पीसीबी चुनाव होने की उम्मीद है।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) द्वारा पीसीबी के भीतर नेतृत्व में बदलाव करने की मांग की गई थी, जिसका नेतृत्व सत्ताधारी गठबंधन के आसिफ अली जरदारी भुट्टो ने किया था। पीपीपी ने मांग की थी कि पीसीबी



पद उन्हें आवंटित किया जाए क्योंकि उनके पास खेल मंत्रालय है। सेठी, निवर्तमान प्रमुख, गठबंधन में दूसरी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) के थे। पर्यवेक्षकों का सुझाव है कि पीपीपी खेल मामलों में अधिक प्रभाव डालती है, पीएमएल-एन को गठबंधन की मांगों का पालन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सेठी को शुरू में दिसंबर 2022 में चार महीने के लिए नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल दो महीने के लिए बढ़ाया गया था और यह सोमवार को समाप्त हो गया। देश के राजनीतिक ढांचे में अस्थिर स्थिति को जानने के बाद सेठी भी पीसीबी अध्यक्ष पद की दौड़ से अलग हट गए।

# एशेज श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया ने बनाई बढ़त, पहले टेस्ट में इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

**बर्मिंघम।** ऑस्ट्रेलिया ने एजबेस्टन में खेले गए एशेज श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 2 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने एशेज श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली है। वैसे मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले उस्मान ख्वाजा को मैन ऑफ मैच चुना गया है। जिन्होंने पहली पारी में 141 रन और दूसरी पारी में 65 रन बनाए। लेकिन खास बात यह रही कि ख्वाजा ने अपनी पारी में कुल 518 गेंदों का सामना किया। बैजबॉल क्रिकेट के जरिए ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने की बात कहने वाली इंग्लिश टीम को पैट कमिंस और नॉथन लियान की नौवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी ने बेकार कर दिया। कप्तान पैट कमिंस (44 रन नाबाद) की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली। 2 विकेट से पहला एशेज टेस्ट जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त भी हासिल कर ली है। मैच की चौथी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 281 रन के लक्ष्य की जरूरत थी। एक समय मेहमान टीम पर हार का खतरा मंडरा रहा था लेकिन कमिंस और लियान ने नाबाद 55 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। बता दें बैजबॉल क्रिकेट खेलते हुए इंग्लैंड ने मैच के पहले ही दिन 8 विकेट पर 393 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी थी। जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 386 रन पर ऑलआउट हो गई। इस



तरह पहली पारी में इंग्लैंड को 7 रन की लीड मिल गई। फिर इंग्लैंड की दूसरी पारी को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने 273 रन पर समेट कर मैच को रोमांचक बना दिया। इंग्लैंड की ओर से मिले 281 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। इनके तीन विकेट चौथे दिन के आखिरी सेशन में ही गिर गए। इस बीच बारिश ने भी खलल डाला और चौथे दिन के आखिर का कुछ समय बेकार गया। यही नहीं पांचवें दिन का पहला सेशन तो बारिश के कारण धुल ही गया। दूसरे सेशन में ऑस्ट्रेलिया ने 107 रन से आगे खेलते अपना अभियान शुरू किया। तब उस्मान ख्वाजा 34 रन और स्कॉट बोलैंड 13 रन बनाकर लड़खड़ाती पारी को संभालने में लगे थे। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी दिन का पहला झटका स्कॉट बोलैंड के रूप में लगा। बोलैंड 20 रन बनाकर आउट हुए। बोलैंड के बाद ट्रेविस हेड भी 16 रन बनाकर चलते बने जीत से पांच विकेट दूर इंग्लैंड के गेंदबाजों ने पूरी ताकत झोंक दी और कैमरन ग्रीन व एलेक्स कैरी को भी ज्यादा देर तक टिकने नहीं दिया। ग्रीन 28 रन बनाकर आउट हुए। क्रीज का एक छोर संभालकर खेल रहे उस्मान ख्वाजा को बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका किया। ख्वाजा ने 65 रन बनाए। ख्वाजा के बाद कैरी भी 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक समय ऑस्ट्रेलिया ने 227 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे। तब कप्तान पैट कमिंस और नॉथन लियान ने मोर्चा संभाला और अगले 12 ओवर में 55 रन की अटूट साझेदारी की और इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली।

# सिकंदर रजा ने रचा इतिहास, जिम्बाब्वे के लिए जड़ा सबसे तेज ओडीआई शतक

**नीदरलैंड।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालिफायर 2023 के 5वें मैच में जिम्बाब्वे ने नीदरलैंड के खिलाफ 6 विकेट रहते धमाकेदार जीत हासिल की। नीदरलैंड ने 6 विकेट खोकर 316 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन सिकंदर रजा के तूफानी शतक के आगे यह कम साबित हो गया। सिकंदर ने 5वें नंबर पर आते हुए 54 गेंदों में नाबाद 102 रनों की पारी खेली, जिसमें 6 चौके व 8 छक्के शामिल रहे। इसी के साथ उन्होंने नया इतिहास रच दिया।

इसी के साथ सिकंदर अब जिम्बाब्वे के लिए वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। जिम्बाब्वे जब जीत से महज 3 रन दूर था तो सिकंदर को शतक के लिए 4 रन की जरूरत थी, लेकिन उन्होंने 41वें ओवर की 5वीं गेंद पर वान बीक को




छक्का लगाकर ना सिर्फ टीम को जीत दिलाई बल्कि अपना शतक भी 54 गेंदों में पूरा कर लिया। सिकंदर से पहले जिम्बाब्वे के लिए सबसे तेज वनडे शतक सीन विलियम्स ने लगाया था, जिन्होंने हाल ही में 18 जून को नेपाल के खिलाफ हुए मैच में 70 गेंदों में नाबाद 102 रन बनाए थे।

**गेंद से भी किया कमाल**

37 साल के सिकंदर ने ना सिर्फ बल्ले से बल्कि गेंद से भी कमाल किया। मैच की बात करें तो जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। नीदरलैंड के ओपनर विक्रमजीत सिंह व मैक्स ओवैद ने पहले विकेट के लिए 20.2 ओवर में 120 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को तोड़ने का काम सिकंदर ने किया। उन्होंने पहले ओवैद (59) को पवेलियन भेजा। फिर तीसरे नंबर पर आए बरेसी को भी 4 रन पर बोल्ड करते हुए आउट किया। इसके बाद उन्होंने तीसरा शिकार विक्रम (88) के रूप में बनाया। फिर चौथा शिकार उनका बास डे लीडे बने, जो 4 रन बनाकर बोल्ड हुए। इस तरह सिकंदर ने टॉप बल्लेबाजों को समेटने का काम किया। उन्होंने 55 रन देकर 4 विकेट लिए।

# प्रणय और कश्यप ताइपे ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ताइपे।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारुपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यु सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21-11 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टॉमी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।



राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21-15 21-16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन को हालांकि जापान के छठे वरीय केंटा सुनयामा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। सुनयामा ने एकतरफा मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी को 21-13 21-5 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# नासिर हुसैन ने कहा- हमने इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया को हराया है, हमें 'बाजबॉल' की जरूरत नहीं थी

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बहुप्रतीक्षित एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में मेजबान टीम की हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की आक्रामक क्रिकेट शैली जिसे 'बैजबॉल' कहा जाता है और इसके प्रभावी होने पर संदेह व्यक्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एजबेस्टन में दो विकेट से जीत के साथ एशेज में इंग्लैंड को पहला झटका देते हुए रोमांचक अंतिम दिन जीत हासिल की। नए आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का पहला खेल नाटकीय अंदाज में समाप्त हुआ जिसमें पैट कमिंस ने बर्मिंघम ट्वाइलाइट में एक प्रसिद्ध जीत के लिए नाबाद 44 रनों की कमानी पारी खेली। नासिर हुसैन ने बताया कि इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज में अपनी आक्रामक क्रिकेट शैली पर भरोसा किए बिना सफलता हासिल की है, जिसे 'बाजबॉल' कहा जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अपने तरीकों का पालन करने और महत्वपूर्ण मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उनकी निरंतरता की प्रशंसा की।



उन्होंने कहा, 'याद रखें, हमने 2001 से इंग्लैंड में पुराने तरीके से खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया को हराया है - हमें ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए 'बाजबॉल' की जरूरत नहीं थी। मैं केवल इतना ही कहूंगा कि उन्होंने दिखाया कि वे विश्व टेस्ट चैंपियन और दुनिया में नंबर 1 पक्ष क्यों हैं। उनके पास कुछ गंभीर खिलाड़ी हैं और कुछ कठिन खिलाड़ी भी हैं। हुसैन ने कहा, आप इसके पीछे नहीं छिप सकते (मनोरंजन करना चाहते हैं) और मैं रिकी पोंटिंग के दिमाग को लगभग पढ़ सकता हूं क्योंकि वह एक विजेता है। हुसैन ने न्यूजीलैंड से 1 रन की हार का जिक्र करते हुए कहा, इंग्लैंड न्यूजीलैंड में (अंतिम टेस्ट) भी हार गया, अगर आपको याद है। लेकिन अब वे यहां हार गए हैं और क्रिकेट के दो खेल हैं जिन्हें वे जीत सकते थे, जीतना चाहिए था। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया को चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल हो गई है। दूसरा टेस्ट अगले बुधवार से लॉर्ड्स में शुरू होगा।

# 'मुझे बहुत गर्व है', पहला एशेज गंवाने के बाद इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने दिया बयान

**बर्मिंघम (यूके)।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने एजबेस्टन में एशेज 2023 के पहले टेस्ट मैच में मंगलवार को दो विकेट से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में हराने की बात कही है। स्टोक्स ने अपने इरादे काफी स्पष्ट कर दिए थे क्योंकि उनकी टीम ने टेस्ट मैच के पहले दिन 393/8 के स्कोर पर घोषित की। हार के बाद भी स्टोक्स ने कहा कि वे पांच मैचों की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से ऊपर रहेंगे। स्टोक्स ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, 'हार तो हार होती है। मुझे बहुत गर्व है। इसे पांचवें दिन के अंत तक ले जाने के लिए ... यह एक रोलरकोस्टर था, ऊपर और नीचे। यह उन खेलों में से एक है जिसे हम पिछले साल के दौरान कभी नहीं भूलेंगे।' पहले मैच के सबसे चर्चित पलों में से एक स्टोक्स का पहले दिन पारी घोषित करने का फैसला था। इसने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को कुछ ओवर खेलने के लिए बाहर आने और अंतिम गेंद तक जीवित रहने के लिए छोड़ा। स्टोक्स ने कहा, 'मैंने (घोषणा) ऑस्ट्रेलिया पर इसे अवसर के रूप में देखा। कोई भी दिन के अंत में 20 मिनट के लिए बाहर जाना पसंद नहीं करता। कौन जानता है, यह काम कर सकता था।' पहले मैच के अंतिम सत्र में पैट कमिंस और नाथन लायन ने मैच विजेता अर्धशतकीय साझेदारी की। गेंद के साथ अपने कारनामों के लिए अधिक जाने जाने वाले पैट कमिंस ने 44* और नाथन लियोन ने 16* रन बनाए। रॉबिन्सन ने कैमरन ग्रीन (28) को क्लीन बोल्ड करने के बाद इंग्लैंड की वापसी करवाई। ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लगा क्योंकि स्टोक्स ने ख्वाजा को 65 रन पर आउट कर दिया। ऑस्ट्रेलिया 209/7 क्रीज पर दो नए बल्लेबाजों एलेक्स केरी और पैट कमिंस के साथ था। इंग्लैंड की उम्मीदों पर 81वें ओवर में पानी फिर गया जब एलेक्स केरी को वापस पवेलियन भेज दिया गया। ऑस्ट्रेलिया को 227/8 जीत के लिए 54 रनों की जरूरत थी और सिर्फ दो विकेट हाथ में थे। कमिंस और लायन की शानदार अर्धशतकीय साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को खेल के एक गहन चरण में ले गए। ऑस्ट्रेलिया ने अब सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

